


वर्ल्ड कप से पहले हौसला बढ़ाएगी जीत

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ये जीत वर्ल्ड कप से पहले टीम का हौसला बढ़ाने का काम करेगी। वर्ल्ड कप से पहले मिताली राज, हरमनप्रीत और स्मृति मंधाना की शानदार बल्लेबाजी टीम के लिए अच्छे संकेत हैं। वर्ल्ड कप की शुरुआत 4 मार्च से हो रही है। हालांकि भारतीय महिला टीम अपने अभियान की शुरुआत 6 मार्च को पाकिस्तान के साथ करेगी।

## आखिरी मैच में जीत के साथ मिताली राज ने रचा इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महिला क्रिकेट टीम ने जान डेविस ओवल क्वींसटाउन में खेले गए आखिरी वनडे मैच में न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हरा दिया है। इस मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 251 रन बनाए थे जिसे भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 4 ओवर पहले ही केवल 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारत की तरफ से मैच में स्मृति मंधाना ने सर्वाधिक 71 जबकि हरमनप्रीत कौर ने 63 और कप्तान मिताली राज ने नाबाद 57 रनों की पारी खेली। इस जीत के साथ ही भारतीय महिला टीम ने न्यूजीलैंड दौरे पर अपनी पहली जीत दर्ज कर ली है। 5 मैचों की इस सीरीज को न्यूजीलैंड की टीम पहले ही अपने नाम कर चुकी थी और भारत के सामने क्लीन स्विप से बचने की चुनौती थी। इस मैच में नाबाद 57 रनों की पारी खेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने एक अनोखा रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। मिताली कप्तान के तौर पर 50वीं बार 50 या इससे ज्यादा रन बनाने वाली पहली महिला बल्लेबाज बन गई हैं।

# अगर मैं प्रक्रिया का आनंद नहीं ले रहा हूं तो फिर मैं वह काम नहीं करूंगा

क्रिकेट

## क्यों छोड़ी आरसीबी की कप्तानी? विराट कोहली ने खुद खोला राज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2021 के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की कप्तानी छोड़ने वाले विराट कोहली ने कहा कि उन्होंने स्वयं के लिए कुछ समय निकालने और वर्क मैनेजमेंट के कारण यह फैसला किया। कोहली ने पहले कहा था कि टी20 विश्व कप सबसे छोटे प्रारूप में भारत के कप्तान के रूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। इसके बाद उन्होंने आईपीएल की कप्तानी छोड़ने की भी घोषणा कर दी थी।

इसके बाद उन्हें वनडे टीम की कप्तानी से हटा दिया गया और फिर उन्होंने टेस्ट टीम की कप्तानी भी छोड़ दी थी। कोहली ने आरसीबी की कप्तानी छोड़ने के बारे में 'द आरसीबी पॉडकॉस्ट' पर कहा, 'मैं उन लोगों में शामिल नहीं हूं जो चीजों को पकड़े रखना चाहते हैं। यहां तक कि यदि मुझे पता है कि




मैं बहुत कुछ कर सकता हूं, लेकिन अगर मैं प्रक्रिया का आनंद नहीं ले रहा हूं तो फिर मैं वह काम नहीं करूंगा।' पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि लोगों के लिए यह समझना बहुत मुश्किल होता है कि जब कोई क्रिकेटर इस तरह का फैसला करता है तो वह क्या सोच रहा होता है। अपना 100वां टेस्ट खेलने की तैयारी में लगे कोहली ने कहा, 'लोग जब तक आपकी स्थिति में न हों उनके लिए आपके फैसले को समझना बहुत मुश्किल होता है। लोगों की अपनी अपेक्षाएं होती है। वे कहते हैं ओह यह कैसे हुआ, हम हैरान हैं।'

उन्होंने कहा, 'इसमें हैरान होने जैसी कोई बात नहीं है। मैं लोगों को समझाता हूं कि मुझे अपने लिए भी कुछ समय चाहिए और मैं कार्यभार प्रबंधन चाहता था और बात वहीं पर खत्म हो जाती है।' आरसीबी शुरू से लेकर अभी तक कभी आईपीएल का खिताब नहीं जीत पाया।

कोहली ने कप्तानी छोड़ने के अपने फैसले को लेकर चल रही चर्चाओं को विराम देते हुए कहा, 'वास्तव में ऐसा कुछ नहीं था। मैं अपनी जिंदगी को बहुत सरल तरीके से जीता हूं। जब मुझे निर्णय लेने होते हैं तो निर्णय लेता हूं और उनकी घोषणा कर देता हूं।'

# जो नहीं कर सके धोनी-विराट, वो कर दिखाएंगे हिटमैन रोहित!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। भारतीय क्रिकेट टीम की आज लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में श्रीलंका के साथ भिड़ंत है। वेस्टइंडीज को एकतरफा रौंदने के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम के हौसले बुलंद है। जब वह 3 मैचों की सीरीज के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसकी नजरें इतिहास रचने पर होंगी। उसके पास ऐसा रिकॉर्ड बनाने का मौका है, जो इससे पहले उसने कभी भी नहीं किया।

दरअसल, भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज को क्लीन स्वीप करते हुए अपनी टी–20 इंटरनेशनल में लगातार 9वीं जीत दर्ज की थी। आज जब वह श्रीलंका के खिलाफ

मैच भारत जीत लेता है तो ऐसा पहली बार होगा जब वह लगातार 10 मैच जीतेगी

खेलेगी तो उसके पास 10वीं जीत का मौका होगा। अगर यह मैच भारत जीत लेता है तो ऐसा पहली बार होगा जब वह लगातार 10 मैच जीतेगी। इसके साथ ही रोहित शर्मा के नाम भी बड़ा रिकॉर्ड दर्ज हो जाएगा।

भारत को इस फॉर्मेट में आखिरी हार पिछले साल वर्ल्ड कप के अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली थी। उसके बाद टूर्नामेंट में खेले तीनों मैचों में भारत को जीत मिली। टीम ने अफगानिस्तान को 66 रन, स्कॉटलैंड को 8 विकेट और नामीबिया को 9 विकेट से हराया था। टूर्नामेंट के बाद न्यूजीलैंड



के खिलाफ तीन मैच की टी20 सीरीज में टीम को 3–0 से जीत मिली।

इस फॉर्मेट में लगातार सबसे अधिक मैच जीतने के रिकॉर्ड की बात करें तो यह अफगानिस्तान और रोमानिया के नाम है। इन दोनों ने 12–12 मैच लगातार जीते हैं। इसके अलावा अफगानिस्तान ने एक अन्य बार लगातार 11 मैच जीते थे। इसके बाद भारत और पाकिस्तान हैं, जिनके नाम संयुक्त रूप से लगातार 9–9 मैच जीत मैच जीतने का रिकॉर्ड दर्ज है। आज भारत मैच जीतकर पाकिस्तान से आगे निकल सकता है।

## नेहरा ने कहा, उनके आने से टीम कांबिनेशन हुई मजबूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने कहा कि आलराउंडर रवींद्र जडेजा ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी वजह से क्रिकेट के हर प्रारूप में भारतीय टीम कांबिनेशन काफी शानदार दिखती है। रवींद्र जडेजा नवंबर के बाद अब श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। भारत को इस टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच लखनऊ में खेलना है।

आशीष नेहरा ने क्रिकबज से बात करते हुए कहा कि रवींद्र जडेजा की वापसी की टीम के लिए प्लस प्वाइंट है। वो हमेशा ही सभी फार्मेट में टीम संयोजन में सुधार करते हैं। पिछले दो–तीन साल में उन्होंने जिस तरह से अपनी बल्लेबाजी में सुधार किया है ऐसे में वो अब नंबर 7 या 8 के खिलाड़ी नहीं रहे। अगर कंडीशन अच्छी हो तो वो छठे नंबर पर भी बल्लेबाजी कर सकते हैं। आशीष नेहरा ने कहा कि श्रीलंका के लिए आस्ट्रेलिया दौरा अच्छा रहा था और वो तरोताजा होकर भारत में अच्छी क्रिकेट खेलेंगे।

## न्यूज डायरी



### कसीनो कर रहा है उनकी बदली तस्वीरों का उपयोग, कानूनी कार्रवाई करेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने गुरुवार को कहा कि वह सोशल मीडिया पर प्रचार के लिये उनकी बदली तस्वीरों का इस्तेमाल करने वाले एक कसीनो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। पता चला है कि गोवा के एक कसीनो 'बिग डैडी' ने प्रचार के लिये तेंदुलकर की तस्वीरों का उपयोग किया। तेंदुलकर ने अपने ट्विटर पेज पर लिखा, '' मेरी कानूनी टीम जरूरी कार्रवाई कर रही होगी, लेकिन मुझे लगा कि यह जानकारी सभी के साथ साझा करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा, ''यह मेरे संज्ञान में आया है कि सोशल मीडिया पर कई विज्ञापन दिखाये जा रहे हैं, जिसमें बदली हुई तस्वीर के साथ मुझे एक कसीनो का समर्थन करते हुए दिखाया गया है।'' तेंदुलकर ने कहा, ''मैंने व्यक्तिगत तौर पर कभी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुआ, तंबाकू या शराब का प्रचार नहीं किया है। यह देखकर दुख होता है कि मेरी तस्वीरों का उपयोग लोगों को गुमराह करने के लिये किया जा रहा है।''

### मेरी ही तरह साहा के साथ हुई नाइंसाफीः सैयद किरमानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऋद्धिमान साहा को न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट में हाल ही में खेली गई 61 रनों की नाबाद पारी के बाद खूब तारीफ मिली थी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड चीफ सौरभ गांगुली तक ने उनकी सराहना की थी। यह मैच दिसंबर यानी लगभग 3 महीने पहले खेला गया था और इसके बाद साहा सिर्फ एक मैच ही खेल सके। अब जब भारत को श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलना है तो उन्हें टीम में सिलेक्ट नहीं किया गया। हैरान करने वाली बात उनके साथ यह हुई कि कोच राहुल द्रविड़ ने उनसे सिलेक्शन से ठीक पहले कहा कि अब उन्हें टीम में नहीं चुना जाएगा। इसलिए वह चाहें तो अपने लिए कुछ और सोच सकते हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। साहा के लिए यह किसी सॉक से कम नहीं था। उनका कहना है कि आखिर इतना जल्दी सबकुछ कैसे बदल सकता है। अभी तो मैं खेला था और गांगुली ने भी तारीफ की थी। खैर, कुछ ऐसा ही वर्ल्ड कप 1983 विनिंग टीम के सदस्य सैयद किरमानी के साथ 1986 में हुआ था। पूर्व विकेटकीपर सैयद को साहा की स्थिति देखकर अपने दिन याद आ गए।

### द्रविड़ ने गलत नहीं कहा, साहा क्यों बेंच पर बैठने के लिए चुने जाना चाहते हैं?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को संन्यास का सुझाव देने के मामले में पूर्व चयनकर्ता और क्रिकेटर सरनदीप सिंह ने टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का समर्थन किया है। गौरतलब है कि टीम मैनेजमेंट अब नए विकेटकीपर को तैयार करना चाहता है और ऐसे में साहा को टीम में जगह देने के बारे में नहीं सोचा जाएगा। यही कारण है कि द्रविड़ ने उनको यह सुझाव दिया था। इसे लेकर द्रविड़ का भी बयान सामने आ चुका है। ऐसे में अब पूर्व चयनकर्ता ने उनका सपोर्ट किया है। सरनदीप ने कहा, मुझे नहीं लगता कि द्रविड़ ने कुछ गलत कहा है। यही वह समय है जब साहा को अपने बारे में सोचना चाहिए। वह 37 साल के हैं। हमारे पास युवा विकेटकीपर है। ऐसे में साहा अंतिम एकादश में नहीं होंगे तो वह सिर्फ बेंच पर बैठने के लिए टीम में क्यों चुने जाना चाहते हैं।

### जंग के बीच आखिर कैसे होगा चैंपियंस लीग का फाइनल?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रूस और यूक्रेन के बीच टेंशन का असर खेल पर भी दिखने लगा है। दुनिया के बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट्स में शामिल UEFA चैंपियन लीग का खिताबी मुकाबला 28 मई को रूस के क्रेस्टोवस्की स्टेडियम, सेंट पीटर्सबर्ग में शेड्यूल है, लेकिन इस बात पर बहस शुरू हो गई है कि जंग के माहौल के बीच कोई भी खेल कैसे रूस में हो सकता है। दूसरी ओर, ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और उनकी सरकार रूस में किसी भी बड़े खेल के आयोजन के खिलाफ है। बोरिस सरकार ने यूनियन ऑफ यूरोपियन फुटबॉल असोसिएशंस से मेजबानी अधिकारों पर पुर्विचार करने को कहा।